
SOUTHWESTERN Public Health
Oxford • Elgin • St.Thomas

**St. Thomas Site**
1230 Talbot Street
St. Thomas N5P 1G9
519-631-9900

**Woodstock Site**
410 Buller Street
Woodstock N4S 4N2
519-421-9901

**1-800-922-0096 | www.swpublichealth.ca**



# ऑपरेटरों के लिए मार्गदर्शन: फेस पेंटिंग

## स्वास्थ्य संबंधी चिंता

फेस पेंटिंग करने से गैर-इंटैक्ट (कार्य-स्थल से बाहर की) त्वचा या म्यूकस मेंबरेंस (श्लेष्म झिल्ली) के माध्यम से संक्रमण हो सकता है। इससे खुले कार्य-स्थल पर रोगजनक सूक्ष्मजीवों का प्रवेश हो सकता है। संक्रमण बैक्टेरियल, फंगल या वायरल हो सकता है। **आपको संक्रमण के संचारण के लिए औज़ारों पर रक्त या बॉडी फ्लुइड्स** (शरीर के द्रव्य तत्वों) **को देखने की ज़रूरत नहीं है।**

## वैधानिक आवश्यकताएँ

व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स (Personal Service Settings) (PSS) को *ओंटारियो विनियमन 136/18: व्यक्तिगत सेवा सेटिंग (Ontario Regulation 136/18: Personal Service Settings) के अनुपालन में परिचालन करना आवश्यक है।*

PSS के ऑपरेटरों और कर्मचारियों को संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण अभ्यासों के बारे में अधिक जानने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य ओंटारियो से *व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गाइड* की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो PSS में संक्रमण के संचारण के जोखिम को कम करते हैं।

## ऑपरेटर स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सेवाएँ प्रदान करने से पहले हाथों को धोएँ। यदि हाथ स्पष्ट रूप से गंदे नहीं हैं, तो हाथ धोने के बजाय एल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग किया जा सकता है।
- सेवा के दौरान खाना, पीना या धूम्रपान न करें।
- अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाएँ।

## त्वचा को लेकर तैयार

- जिन ग्राहकों को काम किए जा रहे क्षेत्र के 6 इंच के भीतर चोट, घाव, चकत्ते या दृश्यमान त्वचा संक्रमण है, उन्हें सेवा प्रदान न करें।

- सेवा आरंभ करने से पहले ग्राहक की त्वचा साफ होनी चाहिए।

## औज़ार और उपकरण

- डबल-डिपिंग (एक ही उपयोग के दौरान (साफ किए बिना) दो बार दवा में डुबोने), यानी, ग्राहक को एप्लिकेटर से छूना और फिर अधिक उत्पाद प्राप्त करने के लिए उसी एप्लिकेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। निम्नलिखित विधियों की अनुमति है:
  - ऐसे कंटेनरों का उपयोग करें जहां उत्पाद को निचोड़ा या पंप किया जा सके।
  - उत्पाद प्राप्त करते समय एप्लिकेटर का उपयोग करें।
  - सिंगल यूज़ (केवल एक बार उपयोज्य) कंटेनर्स का इस्तेमाल करें।
- प्रत्येक ग्राहक के लिए आवश्यक पेंट को पेपर प्लेट जैसी सिंगल-यूज़ वाली वस्तु पर वितरित करें जिसे प्रत्येक ग्राहक के बाद फेंक दिया जाता है।
- रीयूज़ेबल (पुनः उपयोज्य) फेस पेंटिंग ब्रश को एक उपयोग *से दूसरे उपयोग* के बीच साफ और डिसइन्फेक्ट (कीटाणुरहित) किया जाना चाहिए। ब्रशों को मध्यम स्तर के कीटाणुशोधक में डुबोया जाना चाहिए।
- फेस पेंटिंग स्पंज को प्रत्येक उपयोग के बाद फेंक देना चाहिए क्योंकि उन्हें केवल एक बार उपयोग-योग्य माना जाता है और उन्हें ठीक से साफ और स्वच्छ नहीं किया जा सकता है।
- संदूषण को रोकने के लिए उपयोग में न होने पर सभी रीयूज़ेबल फेस पेंटिंग उपकरण और पैलेट को एक साफ, ढके हुए, गैर-अवशोषक कंटेनर में संग्रहित किया जाना चाहिए।
- पेंट, स्याही, ग्लिटर और अन्य कॉस्मेटिक उत्पाद मानव त्वचा पर उपयोग के लिए सुरक्षित होने चाहियें।

## सफाई और कीटाणुशोधन

### सफाई

- सभी औज़ार, उपकरण और सतहें जिन्हें सफाई और कीटाणुशोधन की आवश्यकता होती है, उन्हें **ज़रूरी रूप से** पहले पूरी तरह से अलगा दिया जाना चाहिए। फिर वस्तुओं को साबुन या डिटर्जेंट के साथ गर्म पानी में साफ करना चाहिए।
- प्रत्येक उपयोग के बाद सभी लिनेन को अवश्य धोना चाहिए और इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।
- दीवारों, फर्शों, छतों और सतहों की नियमित सफाई की जानी चाहिए।

### कीटाणुशोधन

कीटाणुशोधन से जुड़े सारे काम प्रतिदिन नए सिरे से या निर्माता के निर्देशों के अनुसार किए जाने चाहिए। सभी कीटाणुशोधकों के पास हेल्थ कनाडा द्वारा जारी एक दवा पहचान संख्या (drug identification number (DIN)) या एक प्राकृतिक उत्पाद संख्या (natural product number (NPN)) होनी चाहिए।

| स्तर | कब इस्तेमाल करें | उदाहरण |
|---|---|---|
| निम्न स्तर | उपकरण और औज़ार या आइटम जो सीधे ग्राहक से संपर्क नहीं करते हैं या केवल बालों या इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करते हैं। | • उच्च स्पर्श सतहें उदाहरणार्थ कुर्सियाँ, मेज, सिंक<br>• पेंट पैलेट्स |
| मध्यम स्तर | उपकरण, औज़ार या आइटम्स जिनका उद्देश्य केवल इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करना है, लेकिन जो गलती से गैर-इंटैक्ट त्वचा या म्यूकस मेंबरेंस (श्लेष्म झिल्ली) के संपर्क में आ सकते हैं या त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं। | • उपकरण जो इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करते हैं उदाहरणार्थ फेस पेंटिंग ब्रश<br>• चेहरे पर जेम्स (मणि) और स्टिकर लगाने के लिए चिमटी<br>• री-यूज़ेबल स्टेंसिल्स |
| उच्च स्तर | कोई भी सतह, औज़ार या उपकरण जो रक्त के संपर्क में आ सकते हैं। | • उपलब्ध नहीं |

स्वीकृत कीटाणुशोधकों और संपर्क समय की जानकारी के लिए **कीटाणुशोधन चार्ट** देखें।

## वेस्ट डिस्पोज़ल (अपशिष्ट निपटान)

- जिस वेस्ट पर रक्त और/या बॉडी फ्लुइड लगे होंं उसे लीक-प्रूफ बैग में फेंकें।
- उपयोग के बाद सिंगल-यूज़ उपकरणों और औजारों को बाहर फेंक दें।

## रिकॉर्ड रखना

### ग्राहकों के रिकॉर्ड

- व्यक्तिगत सेवा प्रदान करने से पहले, PSS ऑपरेटर को ग्राहक का नाम और संपर्क जानकारी प्राप्त करनी होगी और उसे रिकॉर्ड करना होगा।

### आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड से संपर्क

- PSS के लिए सभी आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड संपर्क को रिकॉर्ड करना आवश्यक है। रिकॉर्ड्स में **आकस्मिक ब्लड एक्सपोज़र लॉग** में उल्लिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए।

### रिकॉर्ड रखवाली

- रिकॉर्ड को एक साल तक ऑन-साइट रखा जाना चाहिए। पहले साल के बाद, रिकॉर्ड को कम से कम दो सालों तक सुरक्षित जगह पर संभाल के रखा जाना चाहिए और आसानी से उपलब्ध रखा जाना चाहिए।

## सवाल?

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने क्षेत्र के Public Health Inspector (सार्वजनिक स्वास्थ्य निरीक्षक) से 1-800-922-0096 पर संपर्क करें।